एसपीए में सिनर्जी का आयोजन: दिल्ली, विजयवाड़ा के स्टूडेंट्स भी हुए शामिल

प्लानिंग और आर्किटेक्चर के छात्रों ने भोपालियों संग खेले कई गेम्स

पत्रिका plus रिपोर्टर
patrika.com

भोपाल. स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) भोपाल द्वारा 'सिनर्जी-2024' का आयोजन किया गया। इस वार्षिक उत्सव में शामिल होने के लिए एसपीए दिल्ली और विजयवाड़ा के स्टूडेंट्स भोपाल आए। एसपीए छात्र परिषद द्वारा संयोजित इस कार्यक्रम में तीनों संस्थाओं के छात्र कई तरह के खेल, सांस्कृतिक और रचनात्मक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। तीन दिवसीय आयोजन के लिए आरजीपीवी, एनआईटी, एनआईएफटी और मैनिट भोपाल के छात्र को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम का उद्घाटन मिस्टिक-7 भोपाल के संस्थापक और मुख्य रचनात्मक अधिकारी राजीव मिश्रा ने किया। उन्होंने अपने वक्तव्य में कहा कि इस भव्य आयोजन के लिए एसपीए भोपाल की छात्र परिषद आभार और अभिनंदन की पात्र है। उन्होंने सार्वभौमिक प्रेम और साहस के मूल्यों को रेखांकित किया। साथ ही छात्रों को सीख देते हुए कहा कि सभी छात्रों बुराई के सभी रूपों से दूर रहें, तभी सुनहरा भविष्य आपका इंतजार करेगा। उन्होंने सभी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

छात्रों की प्रतिभा देख दिल खुश हो गया

पत्रिका से बात करते हुए राजीव मिश्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने पर गर्व के अनुभूति हो रही है। छात्रों की तमाम गतिविधियों को देखकर हृदय प्रफुल्लित हो उठा है। मुझे आयोजन की थीम 'एस्ट्रोपॉप' सबसे प्रभावित कर रही है। विभिन्न कार्यक्रम के नाम ब्रह्मांड और तारों के नाम पर रखना छात्रों के नवाचार को दर्शाता है। यह छात्र इनोवेशन को भारत में बढ़ा रहे हैं, जिससे हमारे यहां नए आइडियाज और रिसर्च का वातावरण बन रहा है।

बच्चे आपस में मिले, यही उद्देश्य

एसपीए दिल्ली-विजयवाड़ा-भोपाल और अन्य प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थानों के छात्रों व प्रतिभागियों का स्वागत है। एसपीए के तीनों संस्थान दिल्ली से संचालित है। इसी सोच के तहत यह कार्यक्रम हो रहा है। ताकि भिन्न-भिन्न माहौल से आए बच्चे देश-दुनिया की अच्छाइयों और बुराइयों पर विमर्श करें। **-प्रोफेसर रचना खरे,** डीन (स्टूडेंट अफेयर्स)

तीन दिन के इस कार्यक्रम में इनडोर और आउटडोर दोनों तरह की खेल प्रतियोगिताएं होंगी, जिनका आयोजन सुबह शाम होगा। दोपहर में रचनात्मक प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। रात के समय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी। **-आद्या सिंह,** अध्यक्ष छात्र परिषद एसपीए भोपाल।

इस आयोजन में सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत गायन, नृत्य, माइम, मोनोएक्ट, वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी, रचनात्मक लेखन, लघु मॉडलिंग, पत्ती नक्काशी, फेस पेंटिंग, फैशन वॉक और भित्तिचित्र आदि शामिल हैं, जिन्हें बच्चे खूब इंजॉय कर रहे हैं। **- योगेश्वरी, छात्र** एसपीए भोपाल।